an>

Title: Regarding opening of Medical College in Bhind District.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का हृदय से बहुत आभार व्यक्त करती हूं, जिनके प्रयास से मध्य प्रदेश में 20-25 मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए हैं । भिंड जिला लोकसभा क्षेत्र का महत्पूर्ण जिला है । लोकसभा क्षेत्र में दो जिले आते हैं, एक दतिया है और दूसरा भिंड है । भिंड जिले में पांच और दतिया में तीन विधान सभाएं हैं । ऐसे बहुत से छोटे जिले हैं, जहां मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए हैं ।

भिंड जिला बहुत पिछड़ा जिला है । यहां से ग्वालियर और दतिया की दूरी 100 किलोमीटर है । यहां से आने-जाने में दो घंटे से ज्यादा समय लगता है, क्योंकि ट्रैफिक की बहुत अव्यवस्था रहती है । भिंड जिले के लिए मेडिकल कॉलेज बहुत आवश्यक है । यहां 20-25 लाख की आबादी है । भिंड जिला आजादी के समय से है । इसके बाद जो जिले बने हैं, उन छोटे जिलों के लिए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत हुए हैं । ऐसी स्थिति में मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से आह्वान करती हूं, निवेदन करती हूं कि भिंड जिले को मेडिकल कॉलेज से जोड़ेंगे तो यह भिंड जिले के लिए बहुत बड़ी सौगात होगी ।

मैं एक बार पुन: माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय मंत्री जी का आह्वान करती हूं और आभार व्यक्त करती हूं ।